nandgaon times april-07-3.qxd 4/6/2026 11:56 PM Page 1

जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश अध्यक्ष से... पृष्ठ 2 | निर्धारित मानकों के अनुरूप... पृष्ठ 3




# नांदगांव टाइम्स




मंगलवार, 07 अप्रैल 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 172, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## छत्तीसगढ़ की धरती के कण-कण में बसे हैं भगवान श्रीराम : मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के कुनकुरी के सालियाटोली में आयोजित भव्य संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन और चरित्र का उल्लेख करते हुए उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस पावन अवसर पर व्यासपीठ पर विराजमान परम पूज्य संत श्री चिन्मयानंद बापूजी को सादर नमन करते हुए कहा कि आज कुनकुरी की यह पावन धरा धन्य हो गई है। उन्होंने कहा कि सालियाटोली का यह स्टेडियम श्रीराम कथा के रसपान से साक्षात श्रीराम का धाम बन गया है और चारों ओर च्जय श्रीरामज् की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम का छत्तीसगढ़ से अत्यंत गहरा संबंध है। यह माता कौशल्या की पावन धरती है और भगवान श्रीराम का ननिहाल है, जहाँ वे भांजे के रूप में घर-घर में पूजे जाते हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि भगवान श्रीराम ने अपने 14 वर्ष के वनवास का अधिकांश समय दंडकारण्य क्षेत्र एवं छत्तीसगढ़ के जंगलों में बिताया, जिससे यहाँ के कण-कण में राम की उपस्थिति अनुभव होती है। वनवास काल से जुड़े सीता रसोई जैसे अनेक पवित्र स्थल आज भी इस भूमि की आध्यात्मिक विरासत के साक्षी हैं। उन्होंने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि हम उस कालखंड में जीवन जी रहे हैं, जब अयोध्या में भगवान श्रीराम की पुनः प्रतिष्ठा हुई है। श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा ने पूरे भारत को विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है, जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दृढ़ संकल्प से संभव हो सका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने यह संकल्प लिया था कि प्रभु श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को श्रीरामलला के दर्शन कराए जाएंगे। इसी भावना के अनुरूप राज्य सरकार ने गठन के साथ ही श्री रामलला दर्शन योजना प्रारंभ की, जिसके माध्यम से अब तक लगभग 42 हजार श्रद्धालु अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम के दर्शन कर चुके हैं।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भगवान श्रीराम भारतीय जनमानस के कण-कण में विराजमान हैं। जांजगीर क्षेत्र में रामभक्ति का विशेष स्वरूप देखने को मिलता है, जहाँ रामनामी समुदाय के लोग अपने रोम-रोम में राम का नाम बसाए हुए हैं और अपनी आस्था के प्रतीक स्वरूप अपने शरीर पर च्राम-रामज् का गोदना अंकित कराते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से 300 मीट्रिक टन सुगंधित चावल और 100 टन से अधिक हरी सब्जियां अयोध्या भेजी गई थीं। यह विशेष भोग ननिहाल के प्रेम और 500 वर्षों के संघर्ष के पश्चात प्रभु की स्थापना के उपलक्ष्य में समर्पित किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ से गई डॉक्टरों की टीम एवं मेडिकल स्टाफ ने अयोध्या में रामभक्तों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने अवैध धर्मांतरण को रोकने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में धर्म स्वातंत्र्य कानून लागू किया है, जिसके सख्त प्रावधानों के माध्यम से इस पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री यश प्रताप सिंह जूदेव, श्रीमती संयोगिता सिंह जूदेव, श्री सुनील गुप्ता, श्री उपेंद्र यादव, श्री सुनील अग्रवाल, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे। परम पूजनीय संत चिन्मयानंद बापूजी के श्रीमुख से 2 अप्रैल से प्रारंभ हुई श्रीराम कथा की पावन भक्तिधारा 8 अप्रैल तक निरंतर प्रवाहित होती रहेगी। इस दिव्य आयोजन में दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँचकर कथा का रसपान कर रहे हैं। श्रीराम कथा महोत्सव के आयोजन से कुनकुरी सहित आसपास के समूचे क्षेत्र में गहरा धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हो गया है। श्रद्धालुजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भक्तिभाव के साथ कथा श्रवण कर प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प ले रहे हैं।

## पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए 60 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदया ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा से पुलिस विभाग की छवि सुदृढ़ हुई है। उन्होंने सभी को भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर एवं रक्षित निरीक्षक श्री लोकेश कुमार कसेर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मानित किए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, कर्तव्यपरायणता एवं जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जिला पुलिस द्वारा समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया जाता है, जिससे वे और अधिक उत्साह एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।





## लखोली- कन्हारपुरी- जंगलेसर मार्ग बदहाल, जानलेवा गड्ढों से रोज हो रही दुर्घटनाएं, लोगों में आक्रोश



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर से जुड़े लखोलीङ्ककन्हारपुरीङ्कजंगलेसर मार्ग की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। यह सड़क अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढे आम लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। हालत यह है कि सड़क पर चलना किसी खतरे से कम नहीं रह गया है।

इस महत्वपूर्ण मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोग शहर की ओर आवागमन करते हैं, जिनमें नौकरीपेशा लोग, छात्र-छात्राएं, व्यापारी तथा ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक शामिल हैं। लेकिन खराब सड़क के कारण उन्हें रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग जोखिम भरा बन चुका है। कई बार वाहन गड्ढों में फंसकर अनियंत्रित हो जाते हैं, जिससे लोग उछलकर गिर पड़ते हैं और चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, सड़क की मरम्मत लंबे समय से नहीं की गई है, जिसके कारण छोटे गड्ढे अब बड़े खतरनाक गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं। कई स्थानों पर सड़क पूरी तरह टूटकर कंकड़-पत्थर में बदल गई है, जिससे वाहन चलाना मुश्किल हो गया है। चारपहिया वाहन चालकों को भी झटकों और वाहन क्षति का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में स्थिति और भयावह हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। रात के समय अपर्याप्त रोशनी के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को और अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से कई गांवों का सीधा संपर्क शहर से है, इसलिए यह सड़क क्षेत्र के लिए जीवनरेखा के समान है। बावजूद इसके, जिम्मेदार विभाग द्वारा इसकी सुध नहीं ली जा रही है।

कई बार शिकायत और मांग के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द इस मार्ग की मरम्मत कराई जाए या नई सड़क का निर्माण किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। यदि शीघ्र ही सुधार कार्य नहीं किया गया, तो क्षेत्रवासी आंदोलन करने को भी मजबूर हो सकते हैं।



## कलेक्टर ने सुकुलदैहान में राजस्व पखवाड़ा शिविर का किया निरीक्षण

### ग्रामीणों से सीधे संवाद कर समस्याएं सुनीं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुकुलदैहान में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिविर में प्राप्त नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, नक्शा सुधार, ऋण पुस्तिका सुधार सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली और उनके समय-सीमा में तथा प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को उनके निवास के समीप ही सरल, त्वरित एवं पारदर्शी राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन एवं प्रकरण पर गंभीरता से कार्रवाई की जाए तथा निराकरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। कलेक्टर ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ लेने तथा आवश्यक अभिलेख अद्यतन रखने के लिए भी प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान शिविर में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष प्रकरणों का नियमानुसार एवं निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री प्रेमप्रकाश शर्मा, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीणजन तथा राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



## बेटा खाट पकड़ ले तो माँ-बाप की उम्मीद खत्म

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बेटे के जवानी की दहलीज में कदम रखते ही मां बाप की उम्मीद जग जाती है, कि अब हमारे बुढ़ापे का सहारा तैयार हो गया।लेकिन जब वहीं बेटा खाट पकड़ ले तो माँ-बाप की उम्मीद खत्म हो जाती है। ऐसा ही एक मामला हमारे सामने आया जिसमें मोहारा वार्ड निवासी मुकेश कुमार 23 वर्षीय ने एक सड़क हादसे में अपनी रीढ़ के हड्डी के कई टुकड़े करवा लिए। अब मुकेश कुमार ठीक से बैठ भी नहीं पाता है, पिछले 6 माह से बिस्तर पर ही लेटा हुआ है। पिता बरसों पहले छोड़कर कही चले गया, अकेली मां जिसे अपने बेटे से उम्मीद थी अब जवान बेटे की सेवा में पूरा दिन बिता देती है। ऐसा नहीं है, कि पीड़ित की मां ने अपने बेटे को ठीक करने की कोई कोशिश नहीं कि हो। एक मां के लिए औलाद से बढ़कर कोई नहीं होता। पीड़ित की मां जो शासकीय मेडिकल कॉलेज में मेटास कंपनी के अंतर्गत सुरक्षागार्ड का काम करती है। राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज से लेकर रायपुर के डीकेएस, मेकाहारा और एम्स तक चक्कर लगा चुकी है। सभी डॉक्टरों ने अपने हाथ खड़े कर दिए है, वहीं डॉक्टरों का कहना है, की पीड़ित का इलाज प्रदेश से बहार वैल्यूर में हो सकता है। जवान बेटे की बीमारी में लाखों रुपए खर्च कर चुकी, आर्थिक तंगी से जूझ रही एक मां के लिए अपने बेटे को जीवन देने की कोशिश किसी चुनौती से कम नहीं है, सवाल यह है, की असहाय मां जो रोज आर्थिक तंगी से जूझ है, अपने बीमार बेटे को कैसे दूसरे प्रदेश में ले जाकर इलाज करवाए। कौन करेगा इस बेबस मां की मदद? क्या मुकेश कुमार अपने पैरों पर खड़ा हो पायेगा?



## ज़िला महामंत्री पंकज बाँधव दिल्ली रवाना

### एससी सेल की राष्ट्रीय बैठक मे लेंगे भाग



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के स्टेट कोऑर्डिनेटर पंकज बांधव दिल्ली में आयोजित अनुसूचित जाति के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने हेतु राजधानी एक्सप्रेस से रवाना हुए। उनके साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 40 प्रतिनिधि भी इस महत्वपूर्ण अधिवेशन में भाग लेने के लिए दिल्ली प्रस्थान किए। यह राष्ट्रीय अधिवेशन 8 तारीख को दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी भवन में प्रात: 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी मुख्य रूप से कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। यह अधिवेशन अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय संयोजक रामगोपाल गौतम की अध्यक्षता में संपन्न होगा। अधिवेशन में छत्तीसगढ़ से बालोद जिला अध्यक्ष दीनानाथ चेलक, कवर्धा जिला अध्यक्ष राजेंद्र मारकंडे, दुर्ग शहर अध्यक्ष टैबुलकर सहित प्रदेश संयोजक राजकुमार आंचल एवं अन्य जिला अध्यक्ष शामिल हो रहे हैं। इस दौरान अनुसूचित जाति विंग को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इस अधिवेशन को संगठन विस्तार, सामाजिक न्याय और अनुसूचित जाति वर्ग के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना साहू दंपति व्याख्याता थंगेश्वर एवं रेशमी साहू बने ऊर्जादाता

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है जोकि घरों को सौर ऊर्जा से जोड़कर बिजली बिल कम करना एवं मुफ्त बिजली प्रदान करना हैं, इस योजना के अंतर्गत साहू दंपति व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू एवं रेशमी साहू ने अपने घर की छत पर 3 किलो वाट का टाटा सोलर पैनल लगवाए हैं जो कि आम व्यक्तियों, नागरिकों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम साबित हो रही है । इस योजना के माध्यम से न केवल बिजली की बचत हो रही है बल्कि एक स्वच्छ वातावरण एवं नवीनीकरण ऊर्जा को भी बढ़ावा मिल रहा है । ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए लोगों को कर रहे हैं प्रोत्साहित रिद्धि सिद्धि फेस टू निवासी व्याख्याता दंपति थंगेश्वर कुमार साहू एवं रेशमी साहू ने बताया कि हर घर यह सौर ऊर्जा होना चाहिए और इसे अपनाना चाहिए क्योंकि यह केवल बिजली खर्च में कमी नहीं लाएगी बल्कि ऊर्जा आपूर्ति के क्षेत्र में भी हमें आत्मनिर्भर बनाएगी । यह योजना न केवल मध्यम वर्गीय और गरीब परिवारों को बिजली बिल की चिंता से मुक्त करेगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक क्रांतिकारी बदलाव लाएगा । उन्होंने बताया कि इस सोलर प्लांट के माध्यम से उनके घर की बिजली संबंधी जो भी आवश्यकता है उसे अब सौर ऊर्जा से पूर्ति होगी जिससे ग्रिड पर निर्भरता *कम होगी

**ऊर्जा उपभोक्ता से ऊर्जादाता बनने का सफर**



साहू दंपति ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत अपने रिद्धि सिद्धि फेस टू निवास पर 3 किलो वाट क्षमता का टाटा सोलर सिस्टम स्थापित कराया गया हैं और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि उन्हें प्रतिदिन वर्तमान में लगभग 14 से 16 यूनिट बिजली का उत्पादन मिल रहा है । 3 किलो वाट सोलर सिस्टम स्थापित होने के बाद न केवल उनके घर के बिजली बिल में कमी आई है बल्कि वह स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में भी अपना योगदान दे रहे हैं । उन्होंने इस योजना को आम आदमी के लिए राहत और भविष्य के लिए निवेश बताते हुए शासन प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किए हैं , उन्होंने अपने अपने स्टॉफ शिक्षक साथियों से , गांव के गणमान्य नागरिकों से , अपने कॉलोनी में निवासरत सदस्यों से अपील किए हैं कि वह इस सौर ऊर्जा को जरूर अपनाए और इसे अपनाकर न केवल आर्थिक लाभ प्राप्त करें बल्कि ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में घरेलू खपत से अधिक बिजली उत्पन्न होने के कारण वह सिर्फ उपभोक्ता नहीं बल्कि ऊर्जादाता बन सकते हैं। उन्होंने इस परिवर्तन के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किए हैं ।

**सरल ऋण सुविधा और सीधी सब्सिडी**

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए साहू दंपति ने बताया कि सरकार द्वारा 78,000 रुपए एवं ?30,000 रुपए अर्थात एक लाख आठ हजार रुपए तक की सब्सिडी सीधे बैंक खाते में प्रदान की जाती है । उन्होंने बताया कि जो लोग एक मुश्त राशि जमा करने में सक्षम नहीं है उनके लिए बैंकों के माध्यम से आसान किस्तों में ईएमआई पर ऋण सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे सोलर सिस्टम लगवाना और भी सरल हो गया है।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश अध्यक्ष से की भेंट, संगठन मजबूती पर हुई चर्चा

### विपिन यादव के नेतृत्व में 2028 चुनाव जीत का लिया संकल्प

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव की कार्यकारिणी की घोषणा बाद संगठन को सक्रियता की नई दिशा देते हुए जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को साथ लेकर कारों के काफिले के साथ राजनांदगांव से रायपुर पहुंचकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से भेंट मुलाकात की तथा उनका स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए सांगठनात्मक विषयो पर मार्गदर्शन प्राप्त किया । जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी अनीस खान ने जारी बयान में बताया कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज बस्तर से रायपुर यात्रा कर विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता के बाद राजधानी पहुंचे थे, इसके बावजूद उन्होंने राजनांदगांव से पहुंचे सभी पदाधिकारियों को समय देकर आत्मीयता से मुलाकात की। सभी पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में उनका स्वागत किया। इस दौरान ज़िलाअध्यक्ष विपिन यादव व प्रभारी महामंत्री राहुल तिवारी ने प्रत्येक पदाधिकारी का परिचय प्रदेश अध्यक्ष से करवाया, जिस पर प्रदेश अध्यक्ष ने सहज और सरल रूप से प्रत्येक पदाधिकारी के साथ व्यक्तिगत रूप से फोटो खिंचवाई व संवाद करते हुए



उनका उत्साहवर्धन किया। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने जिला कांग्रेस कमेटी की सभी गतिविधियों एवं अब तक किए गए संगठनात्मक कार्यों से प्रदेश अध्यक्ष को विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इस पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने जिलाध्यक्ष विपिन यादव के सक्रिय नेतृत्व एवं संगठनात्मक कार्यों की खुलकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से संगठन को मजबूती मिल रही है। साथ ही उन्होंने भविष्य में पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने हेतु अनेक महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। दीपक बैज ने स्पष्ट कहा कि गुटबाजी से दूर रहकर हम सभी को एक परिवार की तरह कार्य करते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है — यही हम सबका एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने 2028 के विधानसभा चुनाव को लक्ष्य बनाते हुए चारों विधानसभा सीटों पर विजय का आह्वान किया, जिसमें वर्तमान तीन सीटों को बरकरार रखते हुए राजनांदगांव विधानसभा में भी जीत सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने जिले में कांग्रेस संगठन को सोशल मीडिया के क्षेत्र में बूथ, ब्लॉक और जिला स्तर तक सुदृढ़ करने के संबंध में जिला अध्यक्ष विपिन यादव को विशेष मार्गदर्शन एवं आवश्यक निर्देश दिए। बूथ गठन को लेकर भी उन्होंने विस्तार से जानकारी ली और इसे शीघ्र पूर्ण करने पर बल दिया। जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया कि जिले में बूथ गठन का कार्य 60 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुका है और शीघ्र ही इसे शत-प्रतिशत पूर्ण कर सूची प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को सौंप दी जाएगी। इस पर प्रदेश अध्यक्ष ने संतोष व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दिए गए समय, आत्मीय व्यवहार और स्पष्ट मार्गदर्शन से सभी पदाधिकारियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ तथा संगठन को लेकर और अधिक मजबूती से कार्य करने का संकल्प भी मजबूत हुआ। अंत में जिला अध्यक्ष विपिन यादव सहित सभी पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए यह विश्वास दिलाया कि उनके मार्गदर्शन में राजनांदगांव जिला कांग्रेस संगठन बूथ से लेकर जिला स्तर तक पूरी ताकत के साथ कार्य करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगा तथा आगामी चुनावों में ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित करेगा।

## भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर नम्रता सिंह ने दी शुभकामनाएं

**मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर समस्त कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि भाजपा आज कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा और समर्पण के बल पर विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हुई है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है, जो निरंतर जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में जुटा हुआ है। नम्रता सिंह ने कहा कि स्थापना दिवस हमें संगठन के सिद्धांतों, विचारधारा और राष्ट्रहित के प्रति अपने कर्तव्यों को याद दिलाता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर समाज सेवा और विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगाया जा रहा एचपीवी वैक्सीन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** एचपीवी वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के बचाव के लिए जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में प्रतिदिन एचपीवी वैक्सीनेशन किया जा रहा है। इसके साथ ही जिले के सभी सामुदायिक केन्द्रों में भी एचपीवी टीकाकरण प्रारम्भ कर दिया गया है। जिले में अब तक कुल 64 हितग्राहियों को एचपीवी वैक्सीन लगाया गया है। यह टीका एचपीवी संक्रमण के कारण होने वाले सर्वाइकल कैंसर को रोकने के लिए काफी प्रभावशील है। देश में 14 वर्ष की लड़कियों, जिन्होंने अपना 15वां जन्मदिन नहीं मनाया है, ऐसे सभी बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के बचाव के लिए एक सुरक्षित और प्रभावी उपाय है। वैक्सीन के किसी भी प्रकार का कोई दुष्परिणाम नहीं है। वैक्सीन हेतु चिकित्सकों की निगरानी पर केवल 30 मिनट बैठना होता है। हितग्राही युवीन के माध्यम से भी अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके साथ ही आधार कार्ड के साथ जिला चिकित्सालय में उपस्थित होकर नि:शुल्क पंजीयन करा सकते है। उन्होंने सभी अभिभावक अपने बच्चों को जिला चिकित्सालय में कार्य दिवस पर उपस्थित होकर नि:शुल्क एचपीवी वैक्सीन लगवाने की अपील की है।



## ठेकवा (कोलिहापुरी ) मे भक्त माता कर्मा जयंती पर प्रतिभा सम्मान व विशाल रक्तदान शिविर 7 अप्रैल को

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** तहसील, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर 7 अप्रैल 2026, मंगलवार को ग्राम ठेकवा (कोहिलापुरी) स्थित सामुदायिक भवन, गौठान मैदान में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार, रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तवीरों को हेलमेट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में सेवा भावना को प्रोत्साहित करना एवं अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक करना है।

## भाजपा सरकार ने शिक्षा की दुर्गति कर परीक्षा को बनाया बोझ - कुसुम दुबे

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव की महामंत्री अधिवक्ता कुसुम दुबे ने भाजपा सरकार में शिक्षा व्यवस्था की दुर्गति नीति को उजागर करते हुए कही कि अब शिक्षा सत्र प्रारंभ हो गया है पर 57 हजार शिक्षक पद रिक्त होने पर भी शिक्षक भर्ती नहीं करना, दसवीं, बारहवीं की परीक्षा शुल्क सहित अन्य 22 मदों में फीस वृद्धि करना, निजी स्कूलों द्वारा पुस्तक कापी के लिए एक चिन्हांकित दुकान के एकाधिकार के लिए उन्हें खुली छूट देने से गरीब सहित सर्वहारावर्ग के पालक परेशान है वहीं मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार शिक्षा के अधिकार की राशि ना देकर शिक्षा को बाधित कर रही है और छ ग सरकार परीक्षा फीस को वसूली का माध्यम बनाए बैठी है । महामंत्री कुसुम दुबे ने आगे बताई कि छ ग सरकार 10 वीं 12 वीं की परीक्षा फीस बढ़ा दी है वहीं कांग्रेस सरकार शिक्षा परीक्षा फीस नहीं बढ़ाई थी यहां तक की प्रतियोगी परीक्षाओ को नि:शुल्क किया था जिसे भाजपा सरकार समाप्त कर बेरोजगारों से फीस वसूल रही है। पेपर लीक आम बात है जिससे बच्चों को दोहरी मानसिक परेशानी से गुजरना पड़ रहा है।



## राजनांदगांव क्रिकेट एकेडमी ने रोमांच मैच 20 रन फिल्डिंगके बलौदल जीता

### राजवीर त्रिपाठी दाए हाथ के बॉलर ने 4 विकेट लेकर मैन ऑफ मैच प्राप्त किया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** क्रिकेट एकेडमी और एकलव्य क्रिकेट एकेडमी के मध्य कमला कॉलेज ग्राउण्ड में 30-30 ओवर का अभ्यास मैच खेला गया है। टॉस जीतकर आर.सी.ए. का कप्तान अन्याय शाह मंडावी ने टॉस जीतकर ओपनिंग जोड़ी में विजेन्द्र यादव एवं अनन्या शाह मंडावी में मैदान आर.सी.ए. के ठोस शुरूआत पहला विकेट विजेन्द्र यादव 30 रन पर एलबी डब्लू आल आऊट एलबीडब्लू विराट चौधरी आऊट किया। क्रमश: अनन्या शाह मंडावी 22 रन रूद्र दशरिया 30 रन, रियांश मंडावी 8 रन का पूरी टीम 23 रन व्हाइट बॉल किया। विराट चौधरी 4 विकेट, रोहित 4 विकेट, हेमांक 1 विकेट लक्ष्य का पीछा करते हुए महिला क्रिकेट एवं खुशी मैदान आया। तोशन कुंजाम एलबीडब्लू आऊट हो गया। 1 रन पर आऊट हो गई। क्रमश: विराट चौधरी 7 रन, रोहित यादव 17 रन, गौरव 08 रन योगदान पूरी टीम 81 रन आल आऊट हो गई। अतिरिक्त 15 रन व्हाइट बॉल 7 रन, नोबॉल लेगबाई 04 प्राप्त है। आखरी की ओर से घातक गेन्द बाजार राजवीर त्रिपाठी 5 मेडन 01 रन 22 रन देकर 4 विकेट बहुमूल्य विकेट प्राप्त कर मैन ऑफद मैच प्राप्त किया। अर्श खान योगदान 4 विकेट प्राप्त किया। तोशन कुंजाम 1 विकेट प्राप्त किया। मैच अम्पायर जीई थामस अंपायर एवं लेग अंपायर विजेन्द्र रहे। समस्त जानकारी जोई थामस ने दी। संदीप शुक्ले कोच ने सभी खिलाडियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। एकेडमी परिवार की ओर से कोषाध्यक्ष अनन्य देवांगन, महेश साहू, रणजी आईपीएल प्लेयर अजय मंडल, विनोद भावे, अन्तु करान्डे, अम्लाडीह पूर्व महिला शोभा चोपड़ा, मनोज साहू एवं जोई थामस सहायक कोच सभी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी। उपरोक्त चयन होने पर सभी ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। महापौर प्रत्याशी एवं आर.सी.ए. के हेड कोच संदीप शुक्ले ने दी।



## कलांजलि एरा गोल्डन ग्लोरी अवार्ड 2026 : नारी की दिव्य भव्यता और भारतीय संस्कृति का भव्य उत्सव



**रायपुर (नांदगांव टाइम्स)।** नारी की शक्ति, सौंदर्य और आत्मविश्वास को समर्पित कलांजलि एरा गोल्डन ग्लोरी अवार्ड 2026 का आयोजन राजधानी रायपुर में अत्यंत भव्य एवं गरिमामय रूप से संपन्न हुआ। दक्षिण भारतीय थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में पारंपरिक परिधानों के माध्यम से नारी के विविध स्वरूपों को मंच पर प्रस्तुत किया गया, जिसमें 40 से ज्यादा प्रतिभागीयों ने मिस/मिसेज/डिजाइनर/मेक अप आर्टिस्ट/किड्स तथा मिस्टर केटेगरी में भाग लिया। आयोजन का संचालन उम्मीद की एक किरण संस्था द्वारा किया गया तथा शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री लक्ष्मी नारायण जी,गीता वर्मा, दीपक्षा जैन,आलिया परवीन, कल्पना शुक्ला,प्रीति रानी,सैयद सलमा जी एवं सेलिब्रिटी अतिथि डॉ अंजली पवार उपस्थित रहीं। आयोजक उमा कुशवाहा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, समाज को सकारात्मक दिशा देना और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना है। रनवे शो में विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा विशेष आकर्षण रही। कार्यक्रम में कलांजलि युग 2026 सहित विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## नीरज विद्या मंदिर का उत्कर्ष नवोदय विद्यालय में

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सी.बी.एस.ई) मोहड़ में अध्ययनरत् विद्यार्थी का चयन (शिक्षा सत्र 2026-27) जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। संस्था में शैक्षणिक सत्र 2025-26 मेंपढ़ रहे कक्षा 5वीं के छात्र उत्कर्ष कुमार ठाकुर (पिता-श्री तोरण लाल ठाकुर, वन विभाग अंबागढ़ चैकीमेंपदस्थ ) का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुअ ाहै। इनकी माता श्रीमती अनिता ठाकुर शासकीय विद्यालय में शिक्षिका हैं। नवोदय के लिए चयनित उक्त विद्यार्थी ने अपनी सफलता का श्रेय कठोर श्रम, माता-पिता के आशीर्वाद, विद्यालय के श्रेष्ठ अध्ययन-अध्यापन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स इंजी. नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, श्री रितेश शर्मा, श्री समीर पोद्दार, श्री नीरज कोटड़िया, सुश्री कुंतल बाजपेयी, एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्य श्री जिवेश द्विवेदी एवं प्रशासक श्री जीराम सिन्हा ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी-अपनी अनन्य शुभकामनाए ंदीं। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विद्यालय के व्याख्याता डा ॅलोकेश शर्मा ने दी।



## छुईखदान में फिर सिर उठा रहा नशा और सट्टा कारोबार, सक्रिय थानेदार की जरूरत

**छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)।** थाना क्षेत्र में इन दिनों कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। हाल ही में पूर्व थाना प्रभारी शक्ति सिंह के स्थानांतरण के बाद महज कुछ ही दिनों में अवैध गतिविधियों ने फिर से रफ्तार पकड़ ली है। क्षेत्र में गांजा बिक्री, नशाखोरी और सट्टा कारोबार के दोबारा सक्रिय होने की खबरें सामने आ रही हैं, जिससे आम नागरिकों में चिंता का माहौल बन गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि शक्ति सिंह के कार्यकाल में इन अवैध गतिविधियों पर काफी हद तक नियंत्रण था। नशा बेचने वालों और सट्टा संचालकों में पुलिस का खौफसाफ नजर आता था। लेकिन उनके जाने के बाद स्थिति तेजी से बदलती दिख रही है। अब गांजा बेचने वाले और सेवन करने वाले फिर से खुलेआम सक्रिय हो गए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि बाहर से आने वाले लोग भी आसानी से गांजा खरीदने के ठिकानों तक पहुंच जा रहे हैं, जबकि संबंधित विभाग को इसकी जानकारी तक नहीं लग पा रही है। इससे पुलिस की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसी तरह सट्टा कारोबार भी शहर में तेजी से फैल रहा है। सट्टा खेलने वाले लोग आसानी से यह पता कर लेते हैं कि कहां पर्ची लिखी जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग यह पता लगाने में नाकाम नजर आ रहा है कि यह अवैध कारोबार आखिर कहां से संचालित हो रहा है और इसके पीछे कौन लोग हैं। नशे में धुत कुछ युवक शहर में हुड़दंग मचाते हुए भी देखे जा रहे हैं, जिससे आम जनता विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। कई स्थानों पर ऐसे तत्व देर रात तक उत्पात मचाते हैं, लेकिन उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि छुईखदान को एक बार फिर ऐसे सक्रिय और जिम्मेदार थाना प्रभारी की जरूरत है, जो जमीनी स्तर पर काम करते हुए अपराध को नियंत्रित करना जानता हो और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बना सके।



**जनता के सवाल:**

आखिर क्यों फिर से सक्रिय हो रहे हैं नशा और सट्टा माफिया ?, क्या पुलिस की निगरानी व्यवस्था कमजोर पड़ गई है ? कब तक इन अवैध गतिविधियों पर लगाम लगेगी ?, अब नजरें प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस गंभीर मुद्दे को कितनी गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करता है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी बिगड़ सकती है।

## महिला सशक्तिकरण के लिए आत्मरक्षा कौशल अत्यंत जरूरी - डॉ सुचित्रा गुप्ता

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा हेतु कराटे प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की दो छात्राओं प्रज्ञा वर्मा बीएससी सेकंड सेमेस्टर मैथ्स तथा मुस्कान साहू बीएससी 4जी सेमेस्टर मैथ्स ने प्रशिक्षक के तौर पर महाविद्यालय की छात्राओं को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं को तीन प्रकार के पांच अपर एलोअर एमिडल एतीन प्रकार के ब्लॉक अपर एलोअर एमिडल आउटर मिडिलए दो प्रकार की किक मायागिरी मावशीगिरि एवं हैमर यूरक्रेन जैसे कराटे के विभिन्न दाव पेच सिखाएं ।बड़ी संख्या में महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात प्राचार्य डॉ सुचित्रा गुप्ता ने छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया ।इस अवसर पर छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्राओं के लिए अत्यंत आवश्यक हैं क्योंकि वर्तमान में महिलाओं की सुरक्षा एक गंभीर चुनौती के रूप में हम सब के सामने खड़ी है। महिलाओं को मानसिक और शारीरिक तौर पर सशक्त होना चाहिए। प्रत्येक महिला को अपनी आत्मरक्षा स्वयं करनी चाहिए ।इसके लिए अनुशासनए मेहनत एसंयमित जीवन शैली एवं पौष्टिक खान पान उनकी दिनचर्या में शामिल होना चाहिए । महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ मीना प्रसाद ने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम को आवश्यक बताया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों की आयोजन पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ आराधना गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की सदस्य प्राध्यापिकाएं डॉनीलम तिवारीए श्रीमती स्वयंसिद्ध झा श्रीमती रोहिणी समरित ने भी अपनी सहभागिता दी। आभार प्रदर्शन श्रीमती स्वयंसिद्ध झा ने किया।



## कवर्धा शहर में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने विशेष अभियान शुरू

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**क़बीरधाम( नांदगांव टाइम्स)।** पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह (आईपीएस) के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल के मार्गदर्शन में कवर्धा शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नव पदस्थापित यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक श्री पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा पदभार ग्रहण करने के पश्चात शहर के प्रमुख मार्गों, चैराहों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यातायात के सुचारू संचालन में आ रही बाधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधारात्मक उपायों के निर्देश दिए गए। यातायात प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि कवर्धा शहर में बढ़ते यातायात दबाव को ध्यान में रखते हुए प्रमुख चैराहों पर यातायात पुलिस की तैनाती बढ़ाई जा रही है। साथ ही अव्यवस्थित पार्किंग, गलत दिशा में वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चलाना एवं ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि शहर में च्नो पार्किंगज्ज् क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाने की कार्रवाई भी लगातार जारी है। इसके अतिरिक्त स्कूल, कॉलेज एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने हेतु विशेष व्यवस्था की जा रही है, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यातायात पुलिस द्वारा आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए लगातार समझाइश अभियान भी चलाया जा रहा है।



### शुभांक

3-6-0

159-5 560-1

### भाग्यांक

133-7 226-0

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं कोमोलिका बाई बढ़ई (Komolika Bai Badhai) पिता शंभू राम हल्बा (Shambhu Ram Halba) ग्राम-रेंगाकठेरा, तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव छ.ग. ने अपना नाम कोमोलिका बाई बढ़ई (Komolika Bai Badhai) पिता शंभू राम हल्बा (Shambhu Ram Halba) से बदलकर उषा (sha) पिता शंभू राम हल्बा (Shambhu Ram Halba) ग्राम-रेंगाकठेरा, तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव छ.ग. कर ली हूं।

**कोमोलिका बाई बढ़ई**
**पिता-शंभू राम**
**हल्बा ग्राम-रेंगाकठेरा,**
**तहसील-डोंगरगांव**
**जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

### न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान - गण्डई (छ0ग0)

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र.-202604291500002
शीर्ष- अ-6 वर्ष 2025-26
खैरागढ़, दिनांक 06/04/2026
क्रमांक/1967 वा. नजूल / 2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण महेश्वरी पंसारी आ0 स्व0 तुकाराम तम्बोली एवं बसंती तम्बोली बेवा तुकाराम तम्बोली दोनों निवासी ईतवारीबाजार खैरागढ़ जिला-के0सी0जी0 द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला-ईतवारीबाजार ब्लॉक नं-08 स्थित भूखण्ड क्रमांक-301/2 एवं 302 क्षेत्रफल क्रमशः 302 वर्गफूट एवं 850 वर्गफूट कुल क्षेत्रफल 1152 वर्गफूट भू-धारक तुकाराम तम्बोली आ0 झुमुक के नाम पर दर्ज है। भू-धारक तुकाराम तम्बोली आ0 झुमुक की मृत्यु दिनांक 10.11.2022 को हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित कर उनके स्थान पर आवेदक / वैधवारिसान के नाम पर दर्ज किए जाने संबधी नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वादभूमि संबंधी अभिलेख पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति/आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 07 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06-04-26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

**सील** **नजूल अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई**

### न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ0ग0)

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र. - 202604291500003
शीर्ष- अ-6 वर्ष 2025-26
खैरागढ़, दिनांक 06/04/2026
क्रमांक/1970/ वा. नजूल / 2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/दानप्राप्तकर्ता श्री रघुनंदन सिंह ठाकुर पिता स्व0 धरम सिंह ठाकुर निवासी वार्ड नं-05 ठाकुरपारा खैरागढ़ जिला खैरागढ़ छुईखदान-गंडई द्वारा नगर-खैरागढ़ मोहल्ला ब्लाक नं.-06 स्थित भूखण्ड कमांक-46 क्षेत्रफल 875 वर्गफूट में से 733.75 वर्गफूट को पंजीकृत दान पत्र दिनांक 27.02. 2026 के माध्यम से भू-धारक / दानकर्ता जानकी बाई पति स्व0 धरमसिंह द्वारा दान किये जाने के परिणामस्वरूप उक्त पंजीकृत दानपत्र के आधार पर वादभूमि अपने नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वादभूमि संबंधी अभिलेख पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति / आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 07 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06-04-26. को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

**सील** **नजूल अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई**

nandgaon times april-07-3.qxd 4/6/2026 11:56 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) भारत में कौन सा राज्य विधानसभा की कार्यवाही को पहली बार सांकेतिक भाषा में प्रसारित करने वाला राज्य बना?*
*2) दिल्ली सरकार द्वारा हिंदू मंदिर पुजारियों और गुरुद्वारा ग्रंथियों को समर्थन देने के लिए शुरू की गई योजना का नाम क्या है?*
*3) हर साल राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस किस दिन मनाया जाता है?*
*4) असम के किस राष्ट्रीय उद्यान में क्रेपिडियम असॅमिकम नाम की नई ऑर्किड प्रजाति की खोज की गई है?*
*5) एक नई प्रजाति के मगरमच्छ न्यूट, काओ बैंग मगरमच्छ न्यूट, की खोज किस देश में हुई है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) पंजाब (2) पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना (3) 9 नवंबर (4) दिब्रू–सैखोवा राष्ट्रीय उद्यान (5) वियतनाम

# निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूरा करें - कलेक्टर गोपाल वर्मा

## कलेक्टर ने पचराही में निर्माणाधीन गौधाम का किया निरीक्षण, परखी गुणवत्ता, ग्राम पचराही में लगभग 10 एकड़ में बन रहा गौ प्रशिक्षण केंद्र सह गौधाम

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र बोड़ला विकासखंड के ग्राम पचराही में पशु संरक्षण और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के तहत गौ प्रशिक्षण केंद्र सह गौधाम का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। लगभग 10 एकड़ में विकसित हो रहा यह प्रोजेक्ट न केवल निराश्रित गौवंश के संरक्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए प्रशिक्षण और रोजगार के नए अवसर भी तैयार करेगा। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने स्थल का निरीक्षण कर विभिन्न संरचनाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ समय–सीमा में पूर्ण किए जाएं। इस गौधाम में आधुनिक सुविधाओं के साथ पशुओं के लिए शेड, उपचार कक्ष, प्रशिक्षण भवन सहित विभिन्न आवश्यक अधोसंरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन शेड, मेडिसिन कक्ष और प्रशिक्षण भवन का बारीकी से जायजा लिया तथा कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माण



कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। कलेक्टर श्री वर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित इंजीनियरों को नियमित मॉनिटरिंग करने और कार्यस्थल पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए, ताकि समय–सीमा में कार्य पूर्ण हो सके। इस गौधाम में निराश्रित एवं परित्यक्त गौवंश का संरक्षण एवं संवर्धन किया जाएगा। साथ ही यहां स्थापित गौ प्रशिक्षण केंद्र में गोबर, गोमूत्र एवं अन्य गौ–उत्पादों से विभिन्न उपयोगी वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे स्थानीय ग्रामीणों को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। गौरतलब है कि गौधाम परिसर में पशु शेड (चार भागों में), बीमार पशुओं के लिए अलग शेड, बछड़ों के लिए विशेष शेड, प्रशिक्षण शेड, मेडिसिन कक्ष, चौकीदार आवास, चेन लिंक फेंसिंग, ट्यूबवेल एवं विद्युतीकरण जैसे विभिन्न निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। यह परियोजना पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में पशुपालन और गौ–आधारित आजीविका को नई दिशा देगी। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर आर बी देवांगन, अधीक्षक भू अभिलेख गजेंद्र साहू, तहसीलदार हुलेश्वर पटेल, जनपद सीईओ बोड़ला आकाश राजपूत, सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## फल सब्जियों के तुड़ाई उपरांत प्रबंधन और मूल्य संवर्धन द्वारा उद्यमिता एवं कौशल विकास विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पं. शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनांदगांव में फार्मर्स फर्स्ट परियोजना वित्त पोषित किसानों, कृषक महिलाओं और ग्रामीण युवाओं के लिए आय सृजन हेतु फल सब्जियों के तुड़ाई उपरांत प्रबंधन और मूल्य संवर्धन द्वारा उद्यमिता एवं कौशल विकास विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजन किया गया ढ्ढ यह कार्यक्रम फार्मर्स फर्स्ट परियोजना के प्रभारी एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय सुरगी राजनांदगांव डॉ. विनम्रता जैन के सफल मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम में जिले के एवं फारमर्स फर्स्ट परियोजना जो विकास खंड अम्बागढ़ चौकी के लगभग 80 से भी अधिक प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया ढ्ढ कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विनम्रता जैन ने आए हुए किसानों को इनके आय सृजन हेतु फल सब्जियां के तुड़ाई उपरांत प्रबंधन और मूल्य संवर्धन द्वारा उद्यमिता एवं कौशल विकास पर जोर देने की बात कही और सभी किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी वे अपनी किचन गार्डन में विभिन्न सब्जियां एवं फलों का उत्पादन करके तुड़ाई उपरांत प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन कर अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर सकते हैं जिससे उनकी आजीविका में सुधार हो सकता है। साथ ही कृषकों को विभिन्न आदान सामग्री जैसे स्प्रेयर, सब्जियों के उन्नत किस्मों के बीज एवं फलदार पौधों जैसे आम, कटहल, नींबू इत्यादि के कलम पौधों का वो वितरण किया गया । इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. अभय बिसेन, सह प्राध्यापक द्वारा किया गया साथ ही तकनीकी सत्र में फलों एवं सब्जियों के मूल्य संवर्धन हेतु सॉस, केचअप, जैम इत्यादि का प्रायोगिक प्रशिक्षण किसानों को प्रदान किया । कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में डॉ. द्विवेदी प्रसाद, सह– प्राध्यापक ने फलों एवं सब्जियों के तुड़ाई उपरांत भंडारण एवं रख रखाव के बारे में विस्तार से बताया । डॉ. शिवाजी लिमजे सह प्राध्यापक ने मूल्य संवर्धन हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया एवं फल एवं सब्जी परिरक्षण पर विस्तारपूर्वक चर्चा किए । डॉ. शिशिर प्रकाश शर्मा सह प्राध्यापक ने किसानों को फलों द्वारा जेली एवं स्क्वैश बनाने की विधियों को विस्तार से बताया एवं किसानों को फलों से कैसे स्कवैश बनाते हैं उसकी योग वीडियो के बारे में भी बताया । डॉ. महेंद्र कुमार देशमुख ने फल एवं सब्जियों के मूल्य संवर्धन पश्चात बाजार एवं उनकी संभावनाओं के बारे में विस्तार में चर्चा किया । डॉ. डिकेश्वर निषाद ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से बने विभिन्न कृषि से संबंधित विभिन्न मोबाइल एप्लीकेशन के उपयोग के बारे में बताया । डॉ. डिकेश्वर निषाद, सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया ढ्ढ उपरोक्त कार्यक्रम मे महाविद्यालय के समस्त वैज्ञानिक, डॉ. पूजा साहू, सहायक प्राध्यापक, डॉ. हरिशंकर, एस आर एफ, डॉ छविराज बघेल, सहायक प्राध्यापक, डॉ नेहा सहायक प्राध्यापक एवं समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा ।



## छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज से जिला सचिव विष्णु लोधी की सौजन्य भेंट, संगठन सशक्तिकरण पर हुई चर्चा

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव (ग्रामीण) के सचिव विष्णु लोधी ने प्रदेश अध्यक्ष श्री दीपक बैज से रविवार को सौजन्य भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। यह मुलाकात संगठनात्मक मजबूती और आगामी रणनीतियों के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रही। भेंट के दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री बैज ने संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा जनहित के मुद्दों पर प्रभावी ढंग से कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की वास्तविक ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता हैं, जिनकी सक्रियता से ही संगठन सुदृढ़ होता है। जिला सचिव विष्णु लोधी ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आमजन से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान जिला अध्यक्ष विपिन यादव, कोषाध्यक्ष सुयश नाहटा, जिला उपाध्यक्ष धीरज मेश्राम, गोविंद टंडन, मन्ना यादव, जितेंद्र सिंह भाटिया, केशव यादव, रमा वर्मा, दुर्गेश द्विवेदी, महामंत्री पंकज बांधव, राहुल तिवारी, रितेश जैन, चुंमन साहू, रवि साहू, राजू राजपूत, शिशुपाल भारतीय, चंद्रेश वर्मा, जिला सचिव सीमा यादव, संध्या साहू, मतीन खान सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संगठनात्मक समन्वय एवं जनसंपर्क को सुदृढ़ करने पर अपने विचार रखे।



## विधायक भोलाराम साहू ने पूजा-अर्चना कर कुदाली चलाकर पुलिया निर्माण का किया भूमिपूजन

**खुज्जी ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम तुमड़ीलेवा डोंगरगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत सोमाझिटिया में दिनांक 05 अप्रैल 2026, रविवार को परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव बड़े ही धूमधाम एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिया निर्माण हेतु विधिवत पूजा–अर्चना कर भूमिपूजन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक माननीय भोलाराम साहू शामिल हुए, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति आयोजन का मुख्य आकर्षण रही। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः काल कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। दोपहर में अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि विधायक श्री भोलाराम साहू ने अपने संबोधन में समाज की एकता, संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण पर विशेष बल देते हुए कर्मा जयंती के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास एवं समाजहित में निरंतर कार्य करने का आश्वासन भी दिया। दोपहर पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में परिक्षेत्र साहू संघ बादराटोला एवं ग्रामीण साहू समाज तुमड़ीलेवा के पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर प्रताप सिंह घावड़े अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमरदा, भवभूति साहू सचिव तहसील साहू संघ कुमरदा, हुमेश्वर साहू कोषाध्यक्ष तहसील साहू संघ कुमरदा, हिरेन्द्र साहू संरक्षक परिक्षेत्र साहू संघ बादराटोला, युगलकिशोर साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ कलडबरी, गिरधारी साहू संरक्षक परिक्षेत्र साहू संघ बादराटोला, भुवन साहू महामंत्री अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ साल्हे, गोपाल साहू संरक्षक परिक्षेत्र साहू संघ बादराटोला, भारती देवांगन सदस्य जनपद पंचायत छुरिया, नेहा मंडलोई सरपंच ग्राम पंचायत सोमाझिटिया, दुर्गा महानदिया मंडल अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी कुमरदा, कामता साहू ब्लॉक उपाध्यक्ष, रीना साहू उपाध्यक्ष सहित परिक्षेत्र साहू संघ बादराटोला के पदाधिकारी, ग्राम अध्यक्ष सचिव एवं ग्रामीण साहू समाज तुमड़ीलेवा के समस्त सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# झींका मे कर्मा जयंती पर 61 लोगो ने किया रक्तदान

## विधायक दलेश्वर साहू ने सामाजिक भवन हेतु 6ज़्50 लाख रू देने की घोषणा की

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव तहसील के दिवानभेडी परिक्षेत्र ग्राम झींका मे भक्त माता कर्मा जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिवस रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमे क्षेत्र के युवाओ व महिलाओ ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया, कार्यक्रम में शामिल हुए 61 लोगो ने रक्तदान कर सेवाभावी का परिचय दिया। सभी रक्तदाताओ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू सहित सभी कार्यक्रम के अतिथियो द्वारा हेल्मेट व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे जिला पंचायत सदस्य विभा साहू, जयश्री साहू, तहसील अध्यक्ष शिवराम साहू, जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू, जिला उपाध्यक्ष नीरा साहू, तहसील संरक्षक हेमंत साहू, जिला साहू संघ के संगठन सचिव माधव साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के यशवंत साहू,लविंद्र साव,टिकेश साहू, जनपद सदस्य ममता पटेल, तहसील उपाध्यक्ष डेरहीन साहू, संगठन सचिव पूनम साहू, चित्ररेखा साहू, पीडी साहू, मूलचंद साहू, सीएल हिरवानी आदि बतौर अतिथी सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथी दलेश्वर साहू विधायक ने सभा को संबोधित करते कहा कि सामाजिक व्यवस्था है इसलिए हम और हमारे बच्चे सुरक्षित है, सामाजिक बदलाव एक चुनौती है पर असंभव नही। जिला पंचायत सदस्य विभा साहू ने मां कर्मा के भक्ति व शक्ति के महिमा का बखान किया तथा पूर्वघोषणाअनुरूप मंचनिर्माण हेतु 2 लाख रू की स्वीकृति की जानकारी दी । पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू ने सामाजिक कुरीति को दूर करने तथा नशापान से समाज को दूर रहने का आव्हान किया। कार्यक्रम को अध्यक्ष शिवराम साहू , हेमंत साहू तथा नीरा साहू ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व ग्राम मे सामाजिकजनो ने माता कर्मा की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे गांव की महिलाए कलश लेकर गली का भ्रमण किया। कार्यक्रम मे रक्तदान करने वालो को हेलमेट और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे परिक्षेत्र अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू, सचिव महेश साहू, उपाध्यक्ष लीलाधर साहू, सावित्रीबाई साहू, रिखी राम साहू, इंदु साहू, गोपाल साहू, विप्लव दास साहू, देवंत साहू, मनोज साहू, अशोक साहू, भेलस साहू, रूपचंद साहू, कर्मा रक्तवीर संगठन के संरक्षक मदन साहू, परिक्षेत्र के सभी ग्राम अध्यक्ष सचिव आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र साहू ने तथा आभार प्रदर्शन महेश साहू ने किया।



## सभी ग्राम पंचायतों में7 अप्रैल को चावल उत्सव के साथ होगा रोजगार एवं आवास दिवस का आयोजन

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** शासन के निर्देशानुसार 07 अप्रैल 2026 को ज़िले के समस्त ग्राम पंचायतों में रोजगार एवं आवास दिवस के साथ चावल उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीण विकास व आजीविका संवर्धन से जुड़े विभिन्न जन कल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी ग्रामीणों को दी जाएगी।महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत सभी प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने एवं मांग के आधार पर नए कार्य प्रारंभ करने पर चर्चा की जाएगी। जल संरक्षण के लिए मोर–गांव–मोर–पानी, मोर तरिया अभियान में च्नवा तरिया – आय के जरियाज्ज् अभियान अंतर्गत समस्त संकुल स्तरीय संगठन के लिए नवा तरिया निर्माण करने उपयुक्त स्थलों का चिन्हांकन हेतु ग्रामीणों से चर्चा होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार एवं आवास दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास के निर्माण को गति देने के लिए ग्रामीणों से विचार विमर्श होगा। निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का समाधान,सामग्रियों की आपूर्ति सहित हितग्राहियों को आजीविका से जोड़ने पर बातचीत की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास एवं जनमन आवास को 90 दिवस में पूर्ण करने के लिए ग्रामीणों के साथ मिलकर कार्य योजना बनाई जाएगी। सभी ग्राम पंचायतो में रोजगार एवं आवास दिवस आयोजन करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं एवं नए निर्देशों से ग्रामीणों को परिचित कराना है। सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने आगे बताया की रोजगार एवं आवास दिवस के साथ चावल उत्सव मनाया जाएगा।



## धर्म समाचार....

# प्रदोष व्रत में एक छोटी-सी चूक कर सकती है पूजा को निष्फल




वैशाख माह का पहला प्रदोष व्रत 15 मार्च को किया जाएगा। जब प्रदोष व्रत बुधवार के दिन पड़ता है, तो इसे बुध प्रदोष कहा जाता है। बुधवार का दिन बुध ग्रह द्वारा शासित है। ऐसे में बुधवार के दिन पड़ने वाला प्रदोष व्रत बुद्धि, वाणी तथा व्यवसाय के क्षेत्र में सफलता प्राप्ति के लिए लाभकारी माना गया है। चलिए जानते हैं कि इस दिन पर आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**बुध प्रदोष व्रत शुभ मुहूर्त**

वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 15 अप्रैल को देर रात 12 बजकर 12 मिनट पर शुरू हो रही है। यह तिथि 15 अप्रैल को रात 10 बजकर 31 मिनट तक रहने वाला है। ऐसे में इस दिन पर पूजा का मुहूर्त कुछ इस प्रकार रहने वाला है –

प्रदोष व्रत के दिन शाम के समय यानी प्रदोष काल में दुबारा पूजा करना अनिवार्य है, इसे न छोड़ें। भगवान शिव की पूजा के दौरान मन और तन दोनों की पवित्रता का ध्यान रखें। प्रदोष व्रत में नमक का सेवन न करें। पूजा में जाने–अनजाने में हुई गलतियों के लिए क्षमा मांगें।

इन गलतियों से करें अपना बचाव

अगर प्रदोष व्रत के दिन आप ये गलतियां करते हैं, तो इससे आपको व्रत का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता। प्रदोष व्रत के दिन व्यक्ति को झूठ बोलने, क्रोध करने, वाद–विवाद करने या किसी का अपमान करने से बचें। इस दिन पर तामसिक भोजन (प्याज, लहसुन, मांस–मदिरा) का सेवन नहीं करना चाहिए। पूजा के दौरान मन में नकारात्मक विचार न लाएं। प्रदोष व्रत की पूजा में काले रंग के कपड़े पहनने से बचें। इस दिन ब्रह्मचर्य का पालन करें।

**शिवलिंग पर न चढ़ाएं ये चीजें**

प्रदोष व्रत की पूजा में शिवलिंग पर सिंदूर, हल्दी, तुलसी दल और केतकी के फूल अर्पित करने की गलती न करें। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शिव जी को सिंदूर, हल्दी, नारियल पानी व टूटे हुए चावल भी अर्पित नहीं करने चाहिए। ऐसा करना बिल्कुल भी शुभ नहीं माना गया, इससे आपको पूजा का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता।

## अगर सोना-चांदी का नहीं है बजट, तो अक्षय तृतीया के दिन खरीदें ये चीजें, करियर को मिलेगी नई उड़ान

हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया का दिन सौभाग्य और सिद्धि का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन की गई खरीदारी और निवेश कभी क्षय यानी नष्ट नहीं होता है। अक्सर लोग इस दिन सोने या चांदी की खरीदारी को ही सौभाग्य से जोड़कर देखते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि शास्त्रों में कुछ ऐसी चीजें हैं, जिन्हें खरीदना सोने के समान ही फलदायी माना गया है। अगर इस साल आपका बजट सोना–चांदी खरीदने का नहीं है, तो परेशान न हों। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, कुछ ऐसी वस्तुएं हैं, जो सोना–चांदी खरीदने के समान अक्षय फल प्रदान करेंगी। आइए जानते हैं। शास्त्रों में कौड़ियों को माता लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है। अक्षय तृतीया के दिन 5 या 11 पीली कौड़ियां खरीदकर उनकी केसर और हल्दी से पूजन करें और अपनी तिजोरी में रखें। ऐसा करने से करियर में आ रही धन संबंधी बाधाएं दूर होंगी। अक्षय तृतीया के दिन मिट्टी का नया घड़ा खरीदना बहुत शुभ माना जाता है। मिट्टी को मंगल और बुध का प्रतीक माना जाता है। नया घड़ा खरीदकर उसमें जल भरकर दान करने या घर में रखने से मानसिक शांति मिलती है और कार्यक्षेत्र में एकाग्रता बढ़ती है।



nandgaon times april-07-3.qxd 4/6/2026 11:56 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉटपुट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी-टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बैट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

### श्रम न्यायालय राजनांदगांव का ऐतिहासिक फैसला

# 256 श्रमिकों को 3- 3 लाख मुआवजा देने का आदेश

## श्रमिकों की तरफ से गजेन्द्र बख्शी ने पैरवी की और श्रमिकों को न्याय दिलाया



**राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्रम न्यायालय राजनांदगांव का ऐतिहासिक फैसला ज्ञात हो कि, स्थानीय मीन उलरॉक फाईबर लिमिटेड रीवागहन, थाना लालबाग, जिला राजनांदगांव में सन् 1990-91 से स्थापित उक्त कारखाना में 256 श्रमिक को प्रबंधन द्वारा बिना छठनी मुवाअजा दिये बगैर फैक्टरी दिनांक 22.02.2016 को बिना अनुमति के बंद कर दिया गया।

श्रमिको के वेतन ई.पी.एफ, ग्रेज्यूटी, बोनस का भुगतान में प्रबंधन द्वारा उदासीनता बरती मीन उल मजदूर संघ द्वारा लगातार श्रम पदाधिकारी राजनांदगांव के समक्ष प्रबंधन के साथ बैठक पश्चात् हल नही निकलने पर औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत प्रकरण समझौता असफल होने के कारण श्रम आयुक्त रायपुर को प्रेषित किया गया। तत्पश्चात् उपरोक्त विवाद के निराकरण हेतु रिफरेंस प्रकरण औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत श्रीमान् श्रम न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष विचारण हेतु प्रकरण वर्ष 2019 में प्रेषित किया गया। मिल उल मजदूर संघ की ओर से अधिवक्ता गजेन्द्र बख्शी के द्वारा पैरवी की गई। श्रीमान् श्रम न्यायालय के समक्ष विचारण प्रारंभ हुआ दोनों पक्षों की जिरह के पश्चात् विगत 07 वर्षों के विचारण के पश्चात् दिनांक 20.02.2026 को माननीय श्रम न्यायालय राजनांदगांव के श्रीमान् न्यायाधीश पीठासीन अधिकारी श्रीमान् अमित जिंदल द्वारा अधिनिर्णय पारित किया गया। जिसमें मीन उलरॉक फाईबर लिमिटेड रीवागहन में कार्यरत् कर्मचारी श्रमिक के दावे को स्वीकारते हुये प्रत्येक श्रमिक कर्मचारी को 3,00,000/-रू. क्षतिपूर्ति के रूप में भुगतान अधिनिर्णय दिनांक से दो माह के भीतर मीन उलरॉक फाईबर लिमिटेड प्रबंधन द्वारा किये जाने का अधिनिर्णय पारित किया गया है। यह फैसला राजनांदगांव जिले के लिए एतिहासिक फैसला है। श्रमिको की एकजूटता एवं मीन उल श्रमिक संघ के सचिव महादेव देवांगन, मोहनलाल पटेल, रतिराम वर्मा, मन्नूलाल साहू, ऋषि कुमार सिन्हा एवं खेमचंद देवांगन के द्वारा उपरोक्त अधिनिर्णय को न्याय की जीत बताया गया है और प्रबंधन को सद्बुद्धि देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया है।

उपरोक्त प्रकरण में प्रभावी रूप में पैरवी मीन उल मजदूर संघ प्रथम पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गजेन्द्र बख्शी के द्वारा पैरवी किया गया।

### कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर सफाई

## पानी का हाल जानने महापौर पहुँचे लखोली

### सेठीनगर में पेयजल समस्या का निराकरण करने अधिकारियो को दिये निर्देश





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा आज वार्ड निरीक्षण की कडी में लखोली क्षेत्र के वार्ड क्र 36 सेठीनगर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वार्डवासियों से मुलाकात कर पानी सफाई के संबंध में चर्चा किए और वार्ड में ० वार्ड नं. 36 सेठीनगर निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों से रूबरू हो क्षेत्र में पानी कम आने की शिकायत पर प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर पाईप लाईन विस्तार एवं इंटर कनेक्शन करने जल्द कार्यवाही करने तकनीकि अधिकारियो से महापौर ने कहा। त्वरित निराकरण के लिए उन्होंने बोरिंग पंप मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिंटेक्स टंकी में नियमित रूप से टैंकर के माध्यम से पानी भरे, जिससे उक्त क्षेत्र में निवासरत परिवार को राहत मिल सके। उन्होंने पाईप लाईन विस्तार एवं इंटर कनेक्शन कार्य को प्राथमिकता देकर प्रक्रिया कर अगले सप्ताह काम चालू करने कहा। महापौर श्री यादव सेठीनगर वासियो से साफसफाई के संबंध में चर्चा कर कहा कि निगम के सफाई कर्मी प्रतिदिन सुबह साफसफाई का कार्य करते है। साफ सफाई मे सहयोग करना है, कचरा नाली में नही डालना है, घर का गिला सुखा कचरा अलग अलग रख स्वच्छता दीदीयो को देना है। उन्होंने कहा कि वार्ड एवं शहर को स्वच्छ एवं साफ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। निगम के सफाई करने से ही स्वच्छता नही आती आप सबके सहयोग से हम सफाई में और बेहतर काम कर सकते है। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे, फिटर सोमनाथ यादव व श्री टेमन ठाकुर एवं जल विभाग का अमला तथा सेठीनगरवासी उपस्थित थे।

## देवसिंग पटेल को सेवानिवृत होने पर कर्मचारियों ने बिदाई दी



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कृषि उपज मंडी डोंगरगांव में पदस्थ कर्मचारी देवसिंग पटेल को सेवानिवृत होने पर कर्मचारियों ने बिदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित कर कर्मचारियों ने तिलक लगाकर गुलदस्ता भेंटकर शाल श्रीफल मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया, श्री पटेल लंबे समय तक डोंगरगांव और छूरिया कृषि उपज मंडी में सेवा दी है कार्यक्रम में श्री पटेल को सेवानिवृत होने पर कृषि उपज मंडी सचिव रामगोपाल सुनहरे,मुख्य लेखापाल कलिंद्री ठाकुर, कैलाश कामडे, दीपक सिंह ठाकुर, अख्तर बेग, रोहित चंद्रवंशी, नीलम निषाद, योगेश मंडलोई, खुमान पटेल, चमरू यादव, यशवंत धनगुन, कुलदीप चंद्रवंशी, सीरीत चंद्रवंशी, मोतिम साहू, रूपराम सोनकर, रेखराम सोनकर, और कृषि उपज मंडी के सभी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## निगम की 8 की सामान्य सभा एवं 9 की बजट बैठक स्थगित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पालिक निगम की सामान्य सभा 8 अप्रैल को एवं बजट बैठक 9 अप्रैल 2026 को आहुत की गई थी है। उक्त दोनो बैठक अपरिहार्य कारणो से स्थागित की गयी है। अब सामान्य सभा की बैठक 21 अप्रैल दिन मंगलवार को एवं बजट की बैठक 22 अप्रैल 2026 बुधवार को आहुत की गयी है।

बैठक के संबंध में निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा ने बताया कि दिनांक 8 अप्रैल को 7 विषयो की स्वीकृति के लिए आहुत सामान्य सभा की बैठक अपरिहार्य कारणो से स्थगित किया गया है। उक्त बैठक अब संशोधित तिथि 21 अप्रैल 2026 दिन मंगलवार को निर्धारित समय 11:00 बजे से टाउन हॉल में आहुत की जावेगी। बैठक में पूर्व निर्धारित 7 विषयो पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया जावेगा। अध्यक्ष श्री वर्मा ने जानकारी दी कि इसी प्रकार बजट की बैठक 9 अप्रैल के स्थान पर 22 अप्रैल 2026 दिन बुधवार को निर्धारित समय 12:00 बजे से आहुत की गयी है। महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा इस कार्यकाल का द्वितीय बजट प्रस्तुत किया जावेगा। बैठक में पुनरीक्षित आय-व्यय वर्ष 2025-26 एवं प्रस्तावित आय-व्यय (बजट) वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृति हेतु चर्चा उपरांत निर्णय लिया जावेगा। उन्होंन बैठक में महापौर सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों,पार्षदों, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि व पत्रकारों एवं अधिकारियों कर्मचारियों से उपस्थिति की अपील की है।

## डॉ हरिहरणों दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होंगे

**डोंगरगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगाँव नगर के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त साहित्यकार, मंच संचालक, छंद गुरु,रंगकर्मी,शिक्षा विद डॉ.गजेन्द्र हरिहारनो दीप गांधीनगर गुजरात में दो दिवसीय 11और 12 अप्रैल को समरथ संस्थान साहित्य सृजन भारत के 11 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मिलित होंगे जहाँ उन्हें समरस साहित्य सम्मान प्रदान किया जाएगा। इस अधिवेशन में देश भर से लगभग 150 साहित्यकार सम्मिलित होंगे। डॉ.गजेन्द्र हरिहारनो दीप के साथ अखिलेश्वर मिश्रा अकाट्य पिनकापार बालोद, हर्षा देवांगन डौंडी लोहारा,गायत्री साहू शिवांगी बालोद, डॉ माधवी गणवीर व रोहिणी पटेल डोंगरगाँव भी इस राष्ट्रीय अधिवेशन में सहभागिता देंगे।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

## मटिया में पटपर वाले का जसझांकी की प्रस्तुति हुई, जसझांकी देखने श्रेत्र के ग्रामीणों ऐतिहासिक भीड़



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पंचायत श्रेत्र वार्ड 13 मटिया में मां लक्ष्मी युवा संगठन समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर रात्रि में ग्राम पटपर वाले का जसझांकी कार्यक्रम रात्रि 10 बजे से देर रात्रि तक मां काली के अनेक रूप की प्रस्तुति हुई, कार्यक्रम का लाभ लेने श्रेत्र के ग्रामीण आठ से दस टैक्टर में भरकर जसझांकी कार्यक्रम का लाभ लेने पहुंचे , मटिया गांव में पहली बार ऐतिहासिक ग्रामीणों की भीड़ को देखते हुए जगह छोटे पड़ गए, कार्यक्रम स्थल से दोनों ओर खुज्जी और डोंगरगांव तक गाड़ियों की लंबी लाइन से आने जाने वालों की गाड़ियों की ट्रैफिक्र जाम हो गई थी, पुलिस को घंटों समय लग गए दर्शकों को हटाने में, लंबे समय बाद नगर में बड़े रूप में कार्यक्रम आयोजित होने से आमनागरिकों की भीड़ बड़ी संख्या में हो गई थी, लोक मड़ई के बाद जस झांकी कार्यक्रम में ऐतिहासिक भीड़ देखने को मिली, कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के यशवंत पटेल, घनश्याम पटेल, लक्ष्मीनारायण निषाद, कुणाल पटेल, रोशन निषाद, और ग्रामवासी रामकरण साहू राजेन्द्र साहू, रामकुमार गुप्ता, टामन पटेल, कमलेश पटेल, कनक पटेल, मकसूदन पटेल, लेखराम साहू, मंगलू साहू, सहित ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा।



## स्काउट गाइड कार्यक्रम, प्याऊ घर का उद्घाटन हुआ



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महरूम विकासखंड छुरिया जिला राजनांदगांव में 6 अप्रैल को स्काउटर दाताराम निषाद व्याख्याता के मार्गदर्शन में एवं प्राचार्य जी एस कोसमा, सीनियर व्याख्याता बृजभान कुमार सिन्हा , बसंत कुमार गुप्ता, हेम कुमार सोनसार्वा, कीर्ति बामेश्वर , स्वाति जैन, शिखा श्रीवास्तव, लता गोआर्य, हेमश ठाकुर, सतीश ठाकुर, मुकेश कुमार साहू,छन्नू लाल साहू ,राकेश देवांगन सभी का सराहनीय सहयोग रहा।

छत्रपाल दुबे ,सुरेंद्र कुमार ठाकुर , रेखचंद देवांगन एवं स्काउटर दाता राम निषाद के सहयोग से प्राचार्य जी एस कोसमा के द्वारा पियाऊ घर का उद्घाटन किया गया । कार्यक्रम में ग्राम पंचायत महरूम के अंगद राम साहू , वनीत कुमार साहू, स्काउट धनंजय कुमार देवांगन, चित्रांश देवांगन खिलावन राम, मेहुल कुमार एवं गाइड जागृति साहू ,खुशबू साहू, नुमिता और प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पर की गई त्वरित निराकरण

### श्रमिकों को किया गया 25056 रूपए का भुगतान



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया जा रहा है। जिससे आवेदकों को समयबद्ध तरीके से राहत मिल सके। इसी कड़ी में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सोमनी के श्री बुधराम पटेल एवं अन्य श्रमिकों द्वारा लंबित मजदूरी भुगतान दिलाने के संबंध में साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन किया था। कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पर तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए श्रमिकों को मजदूरी भुगतान दिलाने के निर्देश दिए। जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पर जनपद पंचायत राजनांदगांव द्वारा तत्काल आवश्यक कार्रवाई की गई और श्रमिकों को कुल 25056 रूपए का भुगतान बैंक खातों के माध्यम से किया गया। जिसमें श्री बुधराम पटेल को 9 हजार 657 रूपए, श्री टकेश्वरी बंजारे को 9 हजार 657 रूपए एवं योगेश्वरी पटेल को 5 हजार 742 रूपए मजदूरी भुगतान किया गया। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित, पारदर्शी और नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रत्येक नागरिक को समय पर न्याय और समाधान मिल सके।

# अंतरराष्ट्रीय संकट की मार छत्तीसगढ़ के ठेकेदारों ने दी अप्रत्याशित स्थिति की चेतावनी

## ठेकेदार बोले काम करना हुआ मुश्किल





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और मध्य-पूर्व में जारी सशस्त्र संघर्ष का असर अब सीधे छत्तीसगढ़ के निर्माण कार्यों पर दिखने लगा है। पेट्रोलियम उत्पादों की कमी, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं ने राज्य के ठेकेदारों के सामने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने विभाग को औपचारिक रूप से अप्रत्याशित घटना की सूचना दी है। प्रदेश अध्यक्ष वीरेश शुक्ला, जिला अध्यक्ष संजय सिंघी और जिला कांट्रेक्टर एसोसिएशन के सचिव आलोक बिंदल व अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से यह ज्ञापन जारी किया है। यह पत्र प्रमुख अभियंता, पीडब्ल्यूडी, नया रायपुर सहित सभी विभागों के मुख्य अभियंताओं, मंत्रियों और सचिवों को भेजा जा रहा है। ज्ञापन में बताया गया है कि मध्य-पूर्व क्षेत्र में युद्ध जैसी स्थिति के कारण अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंचने की बात कही गई है। पेट्रोल, डीजल, एलपीजी जैसी आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और परिवहन बाधित हुआ है। ठेकेदारों के अनुसार बिटुमेन, स्टील, इमल्शन, डीजल, पेट्रोल और एलपीजी जैसी जरूरी सामग्री की आपूर्ति बाधित हो गई है। हॉट मिक्स प्लांट, बैचिंग प्लांट, मशीनरी और ट्रांसपोर्ट संचालन प्रभावित हो रहे हैं। कई उपकरण और संसाधन निष्क्रिय हो रहे हैं, जिससे उत्पादकता में गिरावट आई है। एलपीजी सिलेंडर की कमी के कारण श्रमिक शिविरों में भोजन और दैनिक संचालन प्रभावित हो रहे हैं साइट पर काम करने वाले श्रमिकों के सामने नई चुनौतियाँ खड़ी हो गई है संघ ने स्पष्ट किया है कि यह स्थिति ठेकेदारों के नियंत्रण से बाहर है इसे अप्रत्याशित घटना के रूप में माना जाए परियोजनाओं की समयसीमा बढ़ाई जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि देरी के लिए ठेकेदारों को जिम्मेदार न ठहराया जाए किसी भी प्रकार के जुर्माना, पेनल्टी या नुकसान की भरपाई से छूट दी जाए भविष्य में लागत वृद्धि और नुकसान के लिए दावा करने का अधिकार सुरक्षित रखा जाए। संघ ने अपने सभी सदस्य ठेकेदारों से अपील की है कि यदि इस विषय से संबंधित अन्य समस्याएं हैं तो वे व्यक्तिगत रूप से या समूह के माध्यम से जानकारी दें ताकि उन्हें भी ज्ञापन में शामिल किया जा सके। अंतरराष्ट्रीय हालात का असर अब स्थानीय स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। छत्तीसगढ़ के ठेकेदारों द्वारा उठाया गया यह कदम न केवल उनकी समस्याओं को उजागर करता है, बल्कि सरकार के सामने भी एक बड़ी चुनौती पेश करता है कि वह समय रहते उचित निर्णय लेकर निर्माण कार्यों को पटरी पर बनाए रखे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com